समाचार

आयुक्त ने किया दर्री क्षेत्र का मैराथन दौरा, किया निर्माण कार्यो का निरीक्षण

(कार्यो की गुणवत्ता पर कड़ी नजर रखने, समयसीमा में कार्यो को पूरा करने के दिए निर्देश)

कोरबा 06 नवम्बर 2019 –आयुक्त श्री राहुल देव ने आज दर्री जोन के विभिन्न वार्डो का मैराथन दौरा किया, वार्डो में निगम द्वारा कराए जा रहे विकास व निर्माण कार्यो का सघन निरीक्षण किया, कार्यो की गुणवत्ता को परखा तथा गुणवत्ता पर कड़ी नजर रखने, समयसीमा में कार्यो को पूरा करने, नए कार्यो को तुरंत प्रारंभ कराने आदि के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

आयुक्त श्री राहुल देव ने आज दर्री जोन के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्र. 43, 44, 46, 47 में स्थित विभिन्न बस्तियों व ग्रामों का सघन रूप से दौरा किया तथा वहां पर प्रगतिरत निर्माण कार्यो का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने वार्ड क्र. 43 उड़िया बस्ती में दो नग घाट निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 44 गायत्री मंदिर के समीप निर्मित किए जा रहे सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 44 अंतर्गत भवरसिंह पोर्ते स्कूल में अतिरिक्त कक्ष एवं अहाता निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 44 प्रेमनगर चौक में प्रोफाईल शीट शेड निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 47 कुमगरी में शेड निर्माण कार्य सहित अन्य विविध प्रगतिरत निर्माण कार्यो का सघन रूप से निरीक्षण किया। इसी प्रकार वार्ड क्र. 47 अंतर्गत डुमरमुड़ा तालाब में बनाए जा रहे दो नग घाट के निर्माण, कलवर्ट व किए जाने वाले सौदंर्यीकरण के कार्य का अवलोकन किया तथा कार्य के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। वार्ड क्र. 47 डुमरमुड़ा में भ्रमण के दौरान वार्ड पार्षद एवं निगम के सभापति श्री धुरपाल सिंह कंवर से वार्ड की समस्याओं पर चर्चा की तथा डुमरमुड़ा तालाब के पास

स्थित आबादी हेतु बिजली सुविधा उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही के निर्देश अधिकारियों को दिए।

<u>बस्तीवासियों से की चर्चा, ली समस्याओं की जानकारी</u>– भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री राहुल देव ने वार्ड क्र. 43 उड़िया बस्ती में पहुंचकर बस्तीवासियों से उनकी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की तथा बस्ती में किए जाने वाले विकास कार्यो की जानकारी वहां के निवासियों को देने के साथ ही उनसे पूछा कि बस्ती में घरों से निकले कचरे के संग्रहण हेतु सफाई रिक्शा आता है कि नहीं, जिस पर बस्तीवासियों ने बताया कि कचरा लेने नियमित रूप से सफाई रिक्शा पहुंचता है। इसी प्रकार उन्होने स्ट्रीट लाईट जलने की जानकारी भी बस्तीवासियों से ली तथा बस्ती में स्थित बंद हैण्डपम्प को तुरंत सुधारने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

<u>वार्ड कार्यालय का किया निरीक्षण – </u> नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय योजना के तहत मंगल भवन दर्री में वार्ड क्र. 43, 44 व 53 के लिए वार्ड कार्यालय खोला गया है, जो सप्ताह में तीन दिन सोमवार, मंगलवार एवं बुधवार को खुला रहता है। आयुक्त श्री राहुल देव ने आज भ्रमण के दौरान उक्त वार्ड कार्यालय का निरीक्षण किया, कार्यालय में संधारित पंजियों, दस्तावेजों का अवलोकन किया तथा व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान वार्ड कार्यालय पहुंचे हितग्राहियों से आयुक्त श्री देव ने चर्चा की तथा उनके द्वारा बताई गई समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया।

<u>कार्य प्रारंभ न करने पर ठेकेदारों को नोटिस</u>– भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री राहुल देव ने वार्ड क्र. 44 के अलकनंदा विहार में सड़क निर्माण कार्य का कार्यादेश दिए जाने के पश्चात भी निर्माण कार्य चालू न करने को गंभीरता से लेते हुए संबंधित ठेकेदार को कारण बताओ नोटिस दिए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसी प्रकार वार्ड क्र. 43 उड़िया बस्ती में सड़क का निर्माण कार्य कराया जाना हैं किन्तु कार्यादेश दिए जाने के काफी समय पश्चात भी संबंधित ठेकेदार द्वारा अभी तक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया, जिस पर आयुक्त श्री देव ने ठेकेदार को कारण बताओ नोटिस देने एवं दो प्रतिशत फाईन लगाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।